श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

क्रमांक एफ 3/(38)/LBSNSU/2021/ 2829 दिनांक: 06.10.2022

कार्यालय-सूचना

विद्यावारिधि पाठ्यक्रम 2022-23 में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम 2016 एवं संशोधित विनियम 2018 में दिये गये प्रावधानों एवं प्रवेश परीक्षा निर्देशिका 2022-23 में दिये गये दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति की अनुशंसा के आधार पर विद्यावारिधि प्रवेश परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। प्रत्येक विभाग द्वारा विभागीय प्रवेश समिति के माध्यम से प्रथम चरण की लिखित प्रवेश परीक्षा में योग्य पाये गये अभ्यर्थियों तथा जे.आर.एफ उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की द्वितीय चरण की प्रवेश प्रकिया निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान में रखते हुये साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा का आयोजन आफलाईन माध्यम से पूर्ण किया जायेगा।

1. इस सन्दर्भ में प्रत्येक विषय के अभ्यर्थियों की सूची तथा साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा का विभागीय स्तर पर आयोजन करने सम्बन्धी प्रक्रिया प्रत्येक विभाग को उपलब्ध कराई जायेगी।

2. प्रत्येक विभाग की विभागीय प्रवेश समिति द्वारा साक्षात्कार /मौखिक परीक्षा के आयोजन के समय यह सुनिश्चित किया जायेगा कि विद्यावारिधि पाठ्यकम में प्रवेश हेतु प्रवेश-परीक्षा निर्देशिका 2022-23 में दिये गये प्रावधानों एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित नेट/जे.आर.एफ कोड संख्या के अनुसार आवेदक द्वारा संबंधित विषय में ही नेट/ज़े.आर.एफ. की परीक्षा उत्तीर्ण की हो तथा (शिक्षा-09, संस्कृत-25, जैन-60, संस्कृत परम्परागत-73, प्राकृत-91, योग-100) विषयों में ही संबंधित जे.आर.एफ परीक्षा उत्तीर्ण की हो। अत: नियमानुसार अभ्यर्थियों को संबधित विभाग के अन्तर्गत उसी विषय में विभागीय प्रवेश समिति द्वारा उपर्युक्त प्रावधानों एवं अन्य दिये गये प्रावधानों के आधार पर साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा का आयोजन कर योग्यता सूची तैयार की जायेगी।

3. विद्यावारिधि पाठ्यकम में प्रवेश हेतु विद्यावारिधि प्रवेश परीक्षा के प्रथम चरण में सफल हुए योग्य अभ्यर्थियों एवं जे.आर.एफ अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण की साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा हेतु प्रत्येक विभागीय प्रवेश समिति 30% के आधार पर अभ्यर्थियों का परीक्षण कर वरिष्ठता सूची तैयार कर अभ्यर्थियों का चयन निम्न प्रकिया को ध्यान में रखकर किया जायेगा:

i. क्या अभ्यर्थी में प्रस्वावित शोध के लिए क्षमता है।

ii. प्रस्तावित शोधकार्य सुलभतापूर्वक विश्वविद्यालय में कियान्वित किया जा सकता है

iii. प्रस्वावित शोध के क्षेत्र द्वारा नवीन /अतिरिक्त ज्ञान में योगदान प्राप्त हो सकता है।

4. उपर्युक्त दर्शाये गये तथ्यों के आधार पर प्रथम चरण की प्रवेश परीक्षा में योग्य पाये गये अभ्यर्थी एवं जे. आर.एफ उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनका नाम विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम की सूची में दर्शाया गया है, उनसे अनुरोध है कि दिनांक 17.10.2022 से 21.10.2022 तक प्रत्येक विभाग द्वारा द्वितीय चरण की प्रवेश प्रकिया में सम्मिलित होने के लिए विभागीय प्रवेश समिति के समक्ष साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा के लिए प्रस्तावित शोध विषय वस्तु प्रारूप जिसमें उस शोध विषय वस्तु की प्रस्तावना, उद्देश्य, लोकोपयोगिता, परिकल्पना, शोध प्रविधि आधारभूत साम्रगी एवं सन्दर्भ ग्रन्थ सहित उसकी पी.पी.टी/लिखित प्रति तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

समस्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा में सम्मलित होने के लिए अपने मूल शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों/आरक्षण सम्बन्धी तथा अन्य प्रमाण पत्र एवं उनकी स्वंय सत्यापित प्रतिलिपि अपने साथ अवश्य लेकर आयें।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

URGENT

Sachin

06/10/2022